आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय श्रम व रोज़गार मंत्री डॉक्टर मनसुख मडाविया आज सिरमौर ज़िले के कालाअंब में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 30 बिस्तरों वाले नवनिर्मित अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर अस्पताल के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। करीब सौ करोड़ रूपए की लागत से बने इस आधुनिक अस्पताल से एक लाख से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे सिरमौर सहित पड़ोसी ज़िलों के लोगों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

सरकार–तेल

केंद्र सरकार ने कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने कल एक अधिसूचना जारी की ।

इससे पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था। भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। भारत ने 2023–24 के दौरान एक सौ 59 दशमलव छह लाख टन खाद्य तेलों का आयात किया। रिफाइंड ऑयल पर सीमा शुल्क साढे 32 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है।

भारत मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम ऑयल और ब्राजील और अर्जेंटीना से सोयाबीन तेल आयात करता है।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज दोपहर 12 बजे शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में राज्य के कर्मचारियों से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज दोपहर 12 बजे से प्रदेश सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित होगी जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय हो सकते हैं। कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए पर भी निर्णय हो सकता है। साथ ही विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के अलाव मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर भी मुहर लगेगी। इसके अलावा विमल नेगी मौत मामले की जांच के दौरान अफसरशाही में आई तालमेल की कमी को लेकर भी कोई अहम फैसला हो सकता है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। आज के दिन तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न, की जाती है। ये दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू के उपयोग को समाप्त करने के लिए एक वैश्विक पहल है।

अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्समव

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव के दौरान शिमला शहर में पहली जून से 4 जून तक रात 11 बजे तक बसे चलाएगा। 5 जून को आयोजित होने वाली अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दिन निगम रात साढ़े बजे तक बस सेवाएं उपलब्ध करवाएगा। यह बसें न्यू शिमला, मैहली, संजौली, टुटू और हीरानगर के लिए आवाजाही करेंगी।

लोक गायक

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक इंदरजीत ने कुल्लू के अखाड़ा स्थित आश बाल विकास केंद्र का दौरा कर वहां उपचाराधीन विशेष बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, अभिभावकों से बातचीत कर बच्चों की कुशलक्षेम पूछा और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इंदरजीत ने इस दौरान अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर बच्चों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर इंदरजीत ने कहा कि वे वे दिव्यांगता पर जागरूकता फैलाने के लिए शीघ्र ही एक विशेष गीत तैयार करेंगे, जिससे समाज में समावेशिता और संवेदनशीलता को प्रोत्साहन मिल सके।

<u>अब सुर्खियां समाचार पत्रों से</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–कांग्रेस ने देश के लिए दिए बलिदान भाजपा सेना का ले रही श्रेय। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–सेना से परामर्श किए बिना ही कर दी युद्व विराम की घोषणा। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–पूर्व सैनिकों–शहीदों को कांग्रेस का सलाम– मुख्यमंत्री सुक्खू ने जय हिंद सभा में सम्मानित किए 50 परिवार।

मुख्यमंत्री से मिलने दिल्ली से आए आइ.पी.एस अधिकारी श्याम भगत नेगी दैनिक जागरण की एक सुर्खी है।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है–मंत्रिमंडल की महीने में चौथी बैठक आज दोपहर 12 बजे–कर्मचारी सेवानिवृति आयु और पेंशन से जुड़े एंजेंडे हो सकते है शामिल।